# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: 2026-27**

**कक्षा:-6** **विषय:हिन्दी** **पाठ-7 बालकभगत सिंह**

**बोलकर**

**(क) भगत सिंह 10 वर्ष की उम्र से ही गदर से जुड़े सभी नेताओं की गतिविधियों को जान गए थे। कौन नेता कहाँ से फरार हुआ? कौन नेता कहाँ से गिरफ्तार हुआ? यह सारी बातें भगत सिंह को मालूम थीं।**

**(ख) भारत में सत्याग्रह आंदोलन ने गाँधी जी को एक नेता के रूप में स्थापित कर दिया था। गाँधी जी को पंजाब की ओर जाते समय सरकार ने गिरफ्तार कर लिया। उन दिनों पंजाब के कुछ नेताओं को भी अमृतसर में गिरफ्तार किया गया था। इसके विरोध में जनता सड़कों पर उत्तर आई थी।**

**(ग) पंजाब में जलियांवाला बाग में हजारों निहत्थे और मासूम भारतीयों को जनरल डायर ने गोलियों से भुनवा दिया। इस खबर को सुनकर भगत सिंह का मन अशांत हो गया।**

(घ) भगत सिंह ने अपनी जेब से एक छोटी-सी शीशी निकाली और शहीदों की मिटटी को उसमें भर लिया। फिर उसका ढक्कन बंद करके वापस अपनी जेब में रख लिया। घर लाकर उन्होंने उस शीशी को घर के एक स्थान पर रखकर उस पर फूल चढ़ाए। इस तरह वह रोज़ उस शीशी पर फूल चढ़ाते रहे।

लिखकर

लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर-

(क)लाहौर में पंजाब के कुछ नेताओं को अंग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार करने पर विरोध हुआ। जनता सड़कों पर उतर आई। इससे सरकार बेकार हो गई। बेकाबू सरकार ने जलियाँवाला बाग में हजारों निर्दोष मासूम भारतीयों को गोलियों से भून दिया।

(ख) भगत सिंह पुलिस की आंखों में धूल झोंककर जलियाँवाला बाग में चले गए। वहाँ पहुँचकर उन्होंने शहीदों को सलामी दी।

(ग) जब भगत सिंह समय पर घर न पहुँचे तो घर के सभी लोग घबरा गए।

(घ) बालक भगत सिंह सच्चे देशभक्त थे तथा इतने निडर थे कि जलियाँवाला बाग में  अकेले ही जा पहुँचे।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर-**

(क) आज हमारा देश स्वतंत्र है। अतः आज के समय में देशभक्ति प्रकट करने के लिए हमें चाहिए कि हम अपने देश को साफ सुथरा रखें। समय पर टैक्स भरें। कानून और नियमों का पालन करें। वृक्ष लगाएँ। देश को प्रदूषण मुक्त बनाएँ।

(ख)जलियाँवाला बाग में संदिग्ध व्यक्तियों को देखते ही गोली मारने का आदेश था. फिर भी किशोर भगत सिंह अपनी आन पर खेलते हुए जलियाँवाला बाग इसलिए जा पहुँचे, क्योंकि वे निर्दोषों के मारे जाने पर आहत थे और उनके प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहते थे।